कार्यालय नियंत्रक, विधिक मापविज्ञान, छत्तीसगढ़

इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–दो, तृतीय तल, नया रायपुर
Email ID : clm.cg@nic.in

क्रमांक 2414 / वि.मा. / स्था. / 2015 नया रायपुर, दिनांक 19 / 11 / 2015

प्रति,

संचालक,
चिप्स,
रायपुर (छत्तीसगढ़)

विषय :– **विधिक मापविज्ञान (नाप–तौल) विभाग में निःशक्तजनों के लिये बैकलॉग की विशेष भर्ती अभियान के तहत विज्ञापन ऑन–लाईन करने बाबत्।**

उपरोक्तानुसार विधिक मापविज्ञान (नाप–तौल) विभाग छत्तीसगढ़ में निःशक्तजनों के लिये बैकलॉग की विशेष भर्ती अभियान के तहत रिक्त पदों की पूर्ति किया जाना है।

अतः संलग्न निर्धारित विज्ञापन के प्रारूप की प्रति प्रेषित कर अनुरोध है कि आपके वेबसाईट www.cgstate.gov.nic.in में ऑन–लाईन प्रकाशित करने का कष्ट करें।

संलग्न :– **विज्ञापन का प्रारूप एवं सी.डी. (font-kruti Dev 010)।**

उप नियंत्रक
विधिक मापविज्ञान, छत्तीसगढ़
नया रायपुर

कार्यालय नियंत्रक, विधिक मापविज्ञान, छत्तीसगढ़

इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–दो, तृतीय तल, नया रायपुर

Email ID : clm.cg@nic.in

क्रमांक 2414/वि.मा./स्था./2015 नया रायपुर, दिनांक 19/11/2015

//विज्ञापन//

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के ज्ञापन क्र. एफ 20–4/2015/आ.प्र./1–3 दिनांक 25.08.2015 में निर्दिष्ट निर्देशानुसार निःशक्तजनों के लिये बैकलॉग की विशेष भर्ती अभियान के तहत विधिक मापविज्ञान (नापतौल विभाग) छत्तीसगढ़ में निम्नांकित रिक्त पदों की पूर्ति के लिये पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

रिक्त पदों का विवरण

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या	अ.जा	अ.ज.जा.	अ पि.व.	अनारक्षित (मुक्त)	भूतपूर्व सैनिक	योग	निःशक्तता की चिन्हांकित श्रेणी
1	निरीक्षक विधिक मापविज्ञान	01	–	–	–	**01**	–	01	अस्थि बाधित,
2	सहायक वर्ग–03	01	–	–	–	01	–	01	अस्थि बाधित,
3	श्रम सहायक/भृत्य (चतुर्थ श्रेणी)	01	–	–	–	01	–	01	दृष्टि बाधित

पदो के लिये शैक्षणिक योग्यता/अर्हताएं एवं वेतनमान

01. निरीक्षक विधिक मापविज्ञान

वेतनमान :– 5200–20200 ग्रेड पे 2800/–

शैक्षणिक योग्यता/अर्हताएं :–

(एक) व्यक्ति, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान (जिसमें एक विषय भौतिकशास्त्र के रूप में रहा हो) अथवा प्रौद्योगिकी या अभियांत्रिकी में स्नातक हो अथवा वह अभियांत्रिकी में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा धारण करता हो साथ ही तीन वर्ष का व्यावसायिक अनुभव हो, और

(दो) क्षेत्रीय भाषा बोलने, पढ़ने और लिखने में समर्थ हो।

02. सहायक वर्ग–03

वेतनमान :– 5200–20200 ग्रेड पे 1900/–

शैक्षणिक योग्यता/अर्हताएं :–

(1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।

(2) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा,

(3) कम्प्यूटर में हिन्दी टाइपिंग का 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।)

03. श्रम सहायक/भृत्य (चतुर्थ श्रेणी) :–

वेतनमान :– 4750–7440 ग्रेड पे 1300/–

शैक्षणिक योग्यता/अर्हताएं :–

(1) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वीं उत्तीर्ण हो।

नियम एवं शर्तें :–

(1) आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो।

(2) दिनांक 01.01.2016 की स्थिति में आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिये, किंतु निःशक्तजन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य वर्ग तथा महिला उम्मीदवारों को नियमानुसार आयु सीमा में अधिकतम छूट छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गठित नियमों एवं निर्देशों के अनुरूप दी जायेगी।

(3) कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा के पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

(4) कोई भी उम्मीदवार जिनकी दो से अधिक जीवित संतान है जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(5) आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी छ.ग. का मूल निवास का प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निःशक्तता प्रमाण पत्र की स्वयं के द्वारा अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।

(6) स्थायी विकलांगता के लिये जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण–पत्र मान्य होगा, जिसके अनुसार निर्धारित प्रतिशत तक ग्रस्त व्यक्ति ही नियुक्ति के पात्र हैं।

(7) आवेदन पत्र पर नवीनतम पासपोर्ट साईज का स्वयं के द्वारा अभिप्रमाणित रंगीन फोटो लगाना होगा।

(8) सभी आवश्यक सहपत्रों सहित पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र **कार्यालय नियंत्रक, विधिक मापविज्ञान, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–दो, तृतीय तल, नया रायपुर (छ.ग.)** में **दिनांक 26.12.2015 सायं 5:00** बजे तक अथवा उसके पूर्व प्राप्त होना चाहिए। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं वे स्वतः ही निरस्त समझे जावेंगे। इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य नहीं होगा।

(9) आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 9x4 का लिफाफा जिस पर 5:00 रूपये का टिकट चस्पा हो संलग्न करें।

(10) प्रत्येक पद हेतु आवेदन पत्र पृथक–पृथक प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं संवर्ग लिखना अनिवार्य है।

(11) भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियंत्रक विधिक मापविज्ञान को होगा।

(12) चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

(13) उपरोक्त विज्ञापित पद की संख्या परिवर्तनीय होगी जिसे बढ़ाया/घटाया जा सकता है।

(14) चयनित उम्मीदवारों की पदस्थापना छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी जिले में की जा सकेगी। नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जावेगी।

चयन प्रक्रिया :–

(1) निरीक्षक विधिक मापविज्ञान :–

अभ्यर्थियों का चयन उनके द्वारा प्रस्तुत वांछित शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मैरिट सूची के अनुसार उच्चतर क्रम से किया जावेगा।

(2) सहायक वर्ग–03 :–

सहायक वर्ग–03 के पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के अनुसार मैरिट लिस्ट तैयार किया जावेगा। मैरिट सूची के आधार पर उच्चतर क्रम के अभ्यर्थी का कम्प्यूटर/टाईपिंग का कौशल परीक्षण लिया जावेगा। इसमें असफल होने पर दूसरे क्रम के अभ्यर्थी को अवसर प्रदान किया जायेगा।

(3) श्रम सहायक/भृत्य (चतुर्थ श्रेणी) :–

श्रम सहायक/भृत्य (चतुर्थ श्रेणी) के लिये निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के मैरिट लिस्ट के आधार पर सूची तैयार की जाकर मैरिट में उच्चतर क्रम के पात्र अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा।

(डॉ. अजय कुमार पाठक)
नियंत्रक
विधिक मापविज्ञान, छत्तीसगढ़
नया रायपुर

आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वयं के द्वारा प्रमाणित पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटो चिपकायें।

प्रति,

नियंत्रक,
विधिक मापविज्ञान (नाप–तौल),
इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–दो,
तृतीय तल, नया रायपुर (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम .....
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) .....
   (अंग्रेजी में) .....
3. पिता का नाम .....
4. जन्मतिथि (अंकों में) .....
   (शब्दों में) .....
   (जन्मतिथि के प्रमाणीकरण हेतु शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें, जिसमें जन्मतिथि अंकित हो)
5. दिनांक 01.01.2016 को आयु .....
6. जाति .....
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
7. स्थायी पता .....
   .....
   .....
8. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता .....
   (दूरभाष / मोबाईल क्रमांक सहित) .....
   .....
9. शैक्षणिक योग्यता

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा	बोर्ड / वि.वि. का नाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	कुल अंक	प्राप्तांक	प्रतिशत	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8

10. अन्य योग्यता / अनुभव का विवरण .....

11. रोजगार कार्यालय का नाम एंव ..... जीवित पंजीयन क्रमांक यदि हो तो .....

12. क्या आप विवाहित है? यदि ..... विवाहित हैं तो विवाह तिथि

13. जीवित बच्चों की संख्या .....

14. क्या आवेदक शासकीय/अर्ध ..... शासकीय संस्था में सेवारत है/थे? (यदि हो तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)

15. निःशक्तता की श्रेणी– अस्थि बाधित, ... दृष्टि बाधित (केवल श्रम सहायक पद के लिये) (प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)

16. भूतपूर्व सैनिक होने की दशा में ..... सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।

17. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई ..... दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है? यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

टीप :– जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करें।

संलग्न :– सहपत्रों की सूची।

1. ..... 2. .....
3. ..... 4. .....
5. ..... 6. .....
7. ..... 8. .....

आवेदक का हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि ओवदन पत्र में दिये गये समस्त विवरण एवं समस्त अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं सही है। कोई जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

स्थान :– .....
दिनांक :– .....

आवेदक का हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम

C:\Documents and Settings\HCL\Desktop\vigyapan.doc